प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

- राजधानी रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन हुआ प्रभावित, मौसम विभाग ने आज इन क्षेत्रों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी।
- झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दावा झारखण्ड की डेमोग्राफी में नहीं हुआ है कोई बदलाव, चम्पाई सोरेन का आरोप बांगलादेशी घुसपैठ के लिए सोरेन सरकार जिम्मेवार।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेमंत सोरेन सरकार पर प्रदेश में केन्द्र की योजनाओं को लागू नहीं करने का लगाया आरोप।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद और शिवराज सिंह चौहान गुमला में परिवर्तन रैली को आज करेंगे संबोधित।
- ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर–13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप आज से रांची में, देशभर के 400 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।।

****

राजधानी रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इससे आम जनजीवन इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने रांची, गोड्डा और साहिबगंज समेत राज्य के जिलों में 27 सितंबर तक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब का असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर हमला करते हुए कहा कि हमारे कार्यों को अंकुश लगाने के लिए बड़े–बड़े नेताओं को लगा दिया गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होने कहा कि झारखण्ड में कोई डेमोग्राफी चेंज नहीं हुई है। हम लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं।

इस पर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा ही है जो संताल में घुसपैठ को रोक सकती है।

****

इधर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जो सरकार चल रही है वह, लूटने वाली सरकार है। श्री साय ने केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हेमंत सरकार को घेरा और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, घर–घर नल योजना, किसान सम्मान योजना और केंद्र की जो भी योजनाएं हैं उसे राज्य की हेमंत सरकार प्रदेश में लागू नहीं होने दे रही है। श्री साय ने सिमडेगा के कुरडेग में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में परिवर्तन की लहर है।

****

भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता आज राज्य में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सिसई स्थित थाना मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे और गुमला में रोड शो में होंगे शामिल। जामताड़ा के कुंडित में आयोजित परिवर्तन सभा को उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संबोधित करेंगे। श्री धामी उत्तराखंड से देवघर आयेंगे। फिर सभास्थल के लिए रवाना होंगे।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

जेएसएससी सिजिएल परीक्षा को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी ने गड़बड़ी का आरोप लगाया। अमर बाउरी ने कहा कि सरकार के निष्पक्ष परीक्षा के दावे खोखले साबित हुए हैं।

वहीं बाबूलाल मरांडी ने छात्रों के आरोपों के आधार पर परीक्षा को रद्द करने की मांग की है।

इन आरोपों पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा ने नोट बंदी की थी हमने नेटबंदी की। उन्होने बाबूलाल मरांडी पर बीस हजार फर्जी छात्रों को परीक्षा दिलाने का आरोप लगाया।

****

झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन की मेजबानी में आज से एक अक्तूबर तक रांची में ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर–13 बैडमिंटन रैंकिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले जायेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाकर राव और रांची बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आरके मल्लिक ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 400 खिलाड़ी भाग लेंगे।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेएसएससी पेपर लीक के आरोपों पर अध्यक्ष के बयान और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज्य की डेमोग्राफी पर दिए बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार का हुआ समापन मुख्यमंत्री हेमंत बोले नहीं बदली है डेमोग्राफी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– दुसरी बार पेपर लीक के आरोपों के बीच आयोग के अध्यक्ष ने दी सफाई कहा–पेपर लीक नहीं हुआ।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पर्चा लीक के सबूत मिले तो होगी जांच।

दैनिक जागरण लिखता है– हेमंत की पीएम से मांग, झारखण्ड के खाते में सीधे ट्रांसफर करें बकाया ।

रांची एक्सप्रेस ने लातेहार में आयोजित आपकी योजना–आपकी सरकार कार्यक्रम की खबर को सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने जम्मु कश्मीर में दूसरे चरण में 56 प्रतिशत मतदान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****